CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 62 □ रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## किसान के घर रात में घुसे हथियारबंद नकाबपोश परिवार को बंधक बनाकर लूटे नगदी और जेवर



**रायपुर/तिल्दा नेवरा,** 28 मार्च (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में डकैती का सनसनीखेज मामला सामने आया है. केवराडीह गांव में आधी रात 6 से 7 नकाबपोश हथियारबंद डकैत एक किसान के घर में घुसे और परिवार वालों को बंधक बनाकर 6 लाख रुपये नगद और सोने-चांदी के जेवर लूटकर फरार हो गए. डकैती की वारदात से ग्रामीणों में डर का माहौल है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. यह मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है.

मिली जानकारी के अनुसार, खरोरा थाना अंतर्गत केवराडीह गांव निवासी किसान राधेलाल भारद्वाज के घर आधी रात डकैती हुई है. डकैतों के पास पिस्टल और अन्य हथियार थे, जिनका डर दिखाकर उन्होंने किसान परिवार को धमकाया. विरोध करने पर परिजनों के साथ मारपीट भी की गई, जिससे वे सहमे हुए हैं. घटना की सूचना मिलते ही क्राइम ब्रांच और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे. डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम की मदद से जांच जारी है. पुलिस इलाके में नाकेबंदी कर डकैतों की तलाश में जुटी हुई है. वहीं आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी पुलिस जांच कर रही है।

## 500 भारतीय समेत 1200 कैदियों की रिहाई का ऐलान

### यूएई के प्रधानमंत्री ने ईद के मौके पर कैदियों को दी ईदी



**नई दिल्ली,** 28 मार्च (न्यूज चैनल)। संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति, शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने इस साल फरवरी के अंत में एक महत्वपूर्ण ऐलान किया। उन्होंने रमजान के मौके पर बड़े पैमाने पर कैदियों को माफी देने की योजना बनाई थी। इस फैसले के तहत, रमजान के खत्म होते ही 1,295 कैदियों को रिहा करने का आदेश जारी किया गया। इसके अलावा, यूएई के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने 1,518 कैदियों को माफी देने का ऐलान किया है, जिनमें से 500 से ज्यादा भारतीय नागरिक शामिल हैं। ये रिहाई विशेष रूप से रमजान और ईद के पवित्र अवसर पर की गई है, ताकि कैदियों को एक नया जीवन और उनके परिवारों को साथ बिताने का मौका मिल सके।

इन कैदियों को रिहा करके, UAE ने न केवल न्याय का एक नया उदाहरण पेश किया, बल्कि एक मानवीय पहल भी की है, जिससे लोगों को एक नया अवसर मिलने जा रहा है। अब ये कैदी अपने परिवारों के साथ रमजान और ईद का त्योहार मनाएंगे। इस फैसले ने दुनियाभर में सकारात्मक प्रतिक्रियाएं हासिल की हैं, खासकर उन 500 भारतीय नागरिकों के लिए, जिन्हें अब अपनी मातृभूमि लौटने का मौका मिलेगा। वहीं, रमजान के खत्म होने और ईद की खुशियों के बीच, सऊदी अरब ने भी ईद के छुट्टियों का ऐलान कर दिया है। सऊदी अरब में पब्लिक सेक्टर के कर्मचारियों के लिए छुट्टियां 22 मार्च से शुरू हो चुकी हैं, जबकि प्राइवेट सेक्टर और नॉन-प्रोफिट सेक्टर के लिए छुट्टियां 27 मार्च से शुरू होंगी। इस रमजान में जहां यूएई ने मानवता की मिसाल पेश की है, वहीं पूरी दुनिया ईद के जश्न के लिए तैयार हो रही है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली,** 28 मार्च (न्यूज चैनल)। दिल्ली पुलिस ने आम आदमी पार्टी के राष्टीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम (पीपीए) के कथित उल्लंघन की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। दिल्ली पुलिस ने राउज एवेन्यू कोर्ट में अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की और बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को होगी। इससे पहले मामले की सुनवाई में राउज एवेन्यू कोर्ट ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में तत्कालीन सीएम अरविंद केजरीवाल और मटियाला सीट से विधायक गुलाब सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए थे। अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि पुलिस ने शिकायत पर जांच नहीं की ऐसे में होर्डिंग किसने लगाए और क्यों लगाए इसकी जांच जरूरी है। अदालत ने पुलिस को 18 मार्च तक मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के निर्देश दिए थे। इससे पहले 2022 में द्वारका स्थित मजिस्ट्रेट कोर्ट ने इस मामले को खारिज कर दिया था।

### छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ियों का समय बदला

**रायपुर**, 28 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में अस्थायी बदलाव किया है। महिला बाल विकास विभाग ने 1 अप्रैल 2025 से 30 जून 2025 तक आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सुबह 7:00 बजे से 11ः00 बजे तक किए जाने के निर्देश जारी किए हैं। इस अवधि में केंद्रों का संचालन 6 घंटे की बजाय 4 घंटे ही संचालित रहेंगे। जिससे बच्चों को भीषण गर्मी से बचाया जा सके। विभाग के निर्देश के अनुसार ग्रीष्मकाल समाप्त होने के बाद 1 जुलाई 2025 से आंगनबाड़ी केंद्र पूर्व निर्धारित समयानुसार सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3ः30 बजे तक पुनः 6 घंटे के लिए संचालित किए जाएंगे। नौनिहालों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में परिवर्तन किए गए हैं।

### भोजपुर की एक फैक्टरी में बॉयलर फटा, तीन श्रमिकों की मौत

**नई दिल्ली**, 28 मार्च (न्यूज चैनल)। भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव दतैड़ी स्थित नोर्दस्टेर्न रबर एंड रॉल्स प्राइवेट लिमिट फैक्टरी में शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे तेज धमाके के साथ बॉयलर फट गया। हादसे में तीन श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि एक श्रमिक घायल हो गया। घटना से गुस्साए परिजनो और ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया । मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। मगर उन्होंने मांग पूरी हुए बिना शव नहीं उठाने दिए।




चूहा- सुनती हो, देश में 99 प्रतिशत से ज्यादा सांसद करोड़पति हैं।

चुहिया- हां जी, जो नहीं हैं वे भी जल्दी करोड़पति बन जाएंगे।

## टॉयलेट का पानी रिसाइकिल करके कमा रहे सालाना 300 करोड़



नितिन गडकरी ने दी बड़ी जानकारी

**नई दिल्ली,** 28 मार्च (न्यूज चैनल)। केंद्रीय सड़क, परिवहन और जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में एक ऐसी जानकारी साझा की, जिसे सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगे। उन्होंने बताया कि उनके संसदीय क्षेत्र नागपुर में टॉयलेट के पानी को रिसाइकिल करके सालाना 300 करोड़ रुपये की कमाई हो रही है।

गडकरी ने टाइम्स नाऊ समिट 2025 में इस अनोखी पहल के बारे में बताया, जिसमें वेस्ट वॉटर रिसाइक्लिंग के जरिए जल को पुनः उपयोग के लायक बनाया जाता है। उनका कहना था कि यह सिर्फ एक पर्यावरणीय समाधान नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी बेहद फायदेमंद साबित हो रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, आप शायद विश्वास न करें, लेकिन हम टॉयलेट का पानी रिसाइकिल करके सालाना 300 करोड़ रुपये कमा रहे हैं। इसकी सफलता के पीछे गडकरी ने वेस्ट वॉटर मैनेजमेंट और रिसाइक्लिंग के महत्व को बताया, जो कि एक बेहद सस्टेनेबल और प्रभावी तरीका है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य शहरों में भी ऐसे प्रोजेक्ट्स को लागू करने की बात की, जिससे न केवल जल संकट का समाधान हो, बल्कि शहरों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो।इसके अलावा, गडकरी ने यह भी कहा कि भविष्य में कचरे से हाइड्रोजन बनाने जैसी तकनीक भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना सकती है। उन्होंने बताया कि कचरे को रिसाइकिल करके बायोडाइजेस्टर से मिथेन उत्पन्न किया जाएगा, जिसे फिर हाइड्रोजन में बदला जाएगा। यह हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन होगा, और अगर यह सफलतापूर्वक और सस्ती दर पर तैयार किया गया, तो भारत जीवाश्म ईंधन पर खर्च होने वाली बड़ी रकम को बचा सकेगा और एक दिन ऊर्जा का निर्यातक देश बन जाएगा। गडकरी की यह सोच न केवल पर्यावरण को बेहतर बनाने की दिशा में एक कदम है, बल्कि यह आर्थिक विकास और सस्टेनेबिलिटी का भी एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## अज्ञात ट्रक की टक्कर से नर्स की मौत, आंखों के सामने मृत मां को देख बच्चे का रो-रोकर हाल बेहाल



**बलौदाबाजार,** 28 मार्च (हाईवे चैनल)। जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. ताजा मामला पलारी थाना क्षेत्र का है, जहां एक अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे में पति और बच्चे बाल-बाल बच गए. वहीं बच्चे का मौके पर रो-रोकर बेहाल हो गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है.

जानकारी के अनुसार, घटना ग्राम पहंदा के पास हुई है. मृतका रायपुर से बलौदाबाजार आ रही थी और अपने पति व बच्चे के साथ बाइक पर सवार थी. हादसे के बाद मौके पर बलौदाबाजार के नए नर्सिंग होम के शुभारंभ समारोह के निमंत्रण पत्र बिखरे मिले, जिससे पता चला कि महिला बलौदाबाजार के एक निजी नर्सिंग होम में कार्यरत थी और रायपुर से निमंत्रण पत्र लेकर आ रही थी. मृतका की पहचान कुलेश्वर साहू के रूप में हुई है. बता दें कि नए नर्सिंग होम का शुभारंभ 31 मार्च को होना था, लेकिन इससे पहले ही यह दर्दनाक हादसा हो गया. घटना की खबर मिलते ही नर्सिंग होम में शोक की लहर दौड़ गई है. घटना की सूचना मिलते ही पलारी पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है.

## बृजमोहन ने लोस में छग के खदानों की बदहाल स्थिति का मामला उठाया



**रायपुर,** 28 मार्च (हाईवे चैनल)। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ में कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट और अन्य खनिज खदानों की बदहाल स्थिति का गंभीर मामला उठाया। उन्होंने अपने प्रश्न के माध्यम से खनन मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित किया और सरकार से इस पर तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की।

श्री अग्रवाल ने सदन में बताया कि छत्तीसगढ़ देश का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य है, जहां कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी एसईसीएल सहित कई सरकारी और निजी कंपनियां बड़े पैमाने पर खनिज खनन कर रही हैं। भारत में जितना कोयला खनन होता है, उसमें सबसे अधिक खनन छत्तीसगढ़ में होता है। एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान भी इसी राज्य में स्थित है। हालांकि, खनन कार्य समाप्त होने के बाद खदानों का रिक्लेमेशन नहीं किया जा रहा है, जिससे गंभीर पर्यावरणीय और सामाजिक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। वर्तमान में राज्य में 100 से अधिक खदानें ऐसी हैं,एनएमडीसी समेत अन्य निजी कंपनियों द्वारा संचालित खदानों की स्थिति एक जैसी है, जहाँ खनिज निकालने के बाद खदानों को छोड़ दिया जाता है। जो पर्यावरणीय संकट और जल प्रदूषण के साथ ही मानव जीवन एवं पशुओं के लिए खतरा है। सांसद अग्रवाल ने कहा कि, परित्यक्त खदानों में बरसात का पानी भर जाता है, जिससे भूजल स्तर और जल स्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। ट्यूबवेल और अन्य जल स्त्रोतों से आने वाला पानी गंदा हो रहा है।

## सीबीआई के छापे के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा सरकार का जलाया पुतला



**रायपुर,** 28 मार्च (हाईवे चैनल)। सीबीआई द्वारा द्वेषपूर्ण तरीके से पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल,विधायक देवेंद्र यादव सहित विभिन्न काँग्रेस नेताओं के यहां सीबीआई के छापे के विरोध में कांग्रेस ने भाजपा सरकार का पुतला दहन किया। कांग्रेस भवन गांधी मैदान के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की,पुतला दहन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पुलिस की हल्की झूमा झटकी भी हुई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि को खराब करने के उद्देश्य से काम कर रही है पूर्व में ईडी के छापे से इनको कुछ नहीं मिला था और अब सीबीआई के द्वारा उनके निवास स्थान पर छापा मारा गया है इस छापे से भी उनको कुछ हासिल होने वाला नहीं। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि केंद्रीय संस्थाएं नरेंद्र मोदी और अमित शाह के इशारों में द्वेषपूर्ण तरीके से कार्य कर रही है केंद्रीय संस्थाओं के माध्यम से कांग्रेस के नेताओं को डराने का काम कर रही है लेकिन कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता उनकी तानाशाही सरकार के खिलाफ एक जुट होकर लड़ाई लड़ता रहेगा। इस पुतला दहन कार्यक्रम में कन्हैया अग्रवाल उधोराम वर्मा मदन तालेड़ा प्रमोद चौबे सुरेश ठाकुर प्रशांत ठेंगड़ी दिनेश ठाकुर जी श्रीनिवास बंशी कन्नौजे अविनय दुबे माधव छुआ अस्सु खान सुयश शर्मा अनिल रायचूरा बबीता नत्थानी संगीता दुबे कल्पना सागर पूनम यादव पदमा कहार पुष्पराज वैध माधव साहू अशोक ठाकुर संदीप साहू देव कुमार साहू अमित शर्मा संदीप तिवारी उत्तम साहू सीरीश अवस्थी नवीन लाजरस राधे नायक मुन्ना मिश्रा राज देवांगन शाहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वुडबॉल नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का दबदबा, गरियाबंद कलेक्टर समेत खिलाड़ियों ने जीते 3 गोल्ड, 4 सिल्वर और 6 ब्रांज




**गरियाबंद,** 28 मार्च (हाईवे चैनल)। नागपुर में आयोजित वुडबॉल नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपनी शानदार प्रदर्शन से राज्य का नाम रोशन कर दिया है. 23 मार्च से 26 मार्च तक चले इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने कुल 3 गोल्ड, 4 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल जीते. इस टीम में गरियाबंद के कलेक्टर दीपक अग्रवाल भी शामिल थे, जिन्होंने सीनियर केटेगरी में 1 गोल्ड और 1 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया.

महाराष्ट्र वुड बॉल संघ द्वारा नागपुर में आयोजित इस 4 दिवसीय नेशनल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ वुड बॉल संघ से सीनियर और जूनियर कैटेगरी में 20 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया. मेडल प्राप्त करने वाले अन्य खिलाड़ी-गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने अपनी शानदार प्रदर्शन से सीनियर स्ट्रोक डबल कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता. उन्होंने महज 22 स्ट्रोक में 6 गेट पार कर यह सम्मान प्राप्त किया. वहीं सिंगल कैटेगरी में उन्होंने टॉप 6 खिलाड़ियों में ब्रॉन्ज मेडल भी जीता.

इसके अलावा, दीपक अग्रवाल की टीम के विपुल कुमार दास, दुर्गा भोईहर और शालिनी केवट की जोड़ी ने स्ट्रोक इवेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया. छत्तीसगढ़ के लिए मेडल जीतने वाले अन्य खिलाड़ी हैं ङ्क आकाश दुबे, अभिशेष पांडेय, विशाल पोपाट, जयेश तिवारी, श्रृंगी, आफताब, पूजा चौधरी, नवीन गुप्ता, पूजा साहू, चंचल खुटे, अरना कुलश्रेष्ठ, पुष्कर साहू, दिव्या भगत, मनुप्रिया खेमका, शिवानी, और सुनीता बघेल. इन खिलाड़ियों ने सीनियर और जूनियर केटेगिरी में डबल और सिंगल इवेंट्स में भाग लेकर मेडल जीते. यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ वुड बॉल संघ की लगातार मेहनत और खिलाड़ियों के समर्पण को दर्शाता है, जिससे राज्य का नाम वुडबॉल खेल में रोशन हुआ है.

## 7 जिलों में तेज गर्मी, तापमान 41 डिग्री के पार



**रायपुर,** 28 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में गर्मी के इस सीजन में पहली बार 7 शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। रायगढ़, मुंगेली में पारा 41 डिग्री के पार है। वहीं राजनांदगांव, बेमेतरा में पारा 41 डिग्री रहा। रायपुर, बिलासपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़ ऐसे शहर रहे, जहां 40 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिन प्रदेश में तेज गर्मी पड़ेगी। दिन और रात का तापमान में बढ़ने की संभावना है। मौसम साफ होने के बाद तापमान बढ़ने से ज्यादातर जिलों में दिन का टेम्प्रेचर सामान्य से अधिक है। गुरुवार को रायगढ़ और मुंगेली सबसे गर्म रहा। राजधानी में गर्मी फिर से बढ़ने लगी है। दिन का तापमान सामान्य से ऊपर पहुंच गया है। गुरुवार को दिन का टेम्प्रेचर 40.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3 डिग्री अधिक था। वहीं न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 0.4 डिग्री अधिक था। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 2-3 दिन तापमान 3 डिग्री तक बढ़ सकता है। आज दिन का टेम्प्रेचर 41 और रात का पारा 25 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

CMYK